MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY UDAIPUR-313039

No. F. Rectt/MLSU/2018/180 **Date : 14.05.2018**

अधिसूचना–22

(Ref.: Advertisement No. 2017/3A & 3B dated 01.08.2017 and 2018/08 dated 06.02.2018)

1. विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना – 19 के तहत शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत विभिन्न विषयों में "SCREENING TEST/ WRITTEN EXAMINATION" दिनांक 15 व 16 अप्रेल 2018 को आयोजित किये गये थे।

2. समस्त विषयों की उत्तर कुंजी (ANSWER KEY) दिनांक 20 अप्रेल,2018 को विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mlsu.ac.in पर प्रकाशित की गई थी, उसके विरुद्द प्राप्त परिवेदना/आपत्तियों की विषय विशेषज्ञों से जांच कराने के पश्चात् अंतिम उत्तर कुंजी (FINAL ANSWER KEY) तैयार की गई जो कि विश्वविद्यालय वेबसाईट www.mlsu.ac.in पर उपलब्ध है।

3. अन्तिम उत्तर कुंजी (FINAL ANSWER KEY) के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा समस्त विषयों का परिणाम तैयार कर विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध करा दिये गये है। जिसे अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर (Roll No.) व जन्म दिनांक (Date of Birth) प्रविष्ट कर अपनी Score Sheet प्राप्त कर सकता है।

4. आवेदनों की जांच के समय यह पाया गया है कि कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन के साथ अपनी आवश्यक न्यूनतम योग्यता से संबंधित दस्तावेज यथा अंकतालिका, जाति प्रमाण पत्र अथवा नेट/स्लेट/सेट/विद्यावाचस्पिति की उपाधि/ प्रमाण पत्र सलंग्न नहीं किये है। जिसके अभाव में अभ्यर्थी की योग्यता निर्धारण में कठिनाई आ रही है।

   अतः वे समस्त अभ्यर्थी जिन्होंने अपनी योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र/अंकतालिका/उपाधि आवेदन के साथ जमा नहीं कराये है वे 5 कार्यदिवस में विश्वविद्यालय की ईमेल drrecruitment@mlsu.ac.in पर अथवा व्यक्तिशः 18 मई, 2018 को सांय 3:00 बजे तक कार्यालय में आवश्यक रूप से जमा कराया जाना सुनिश्चित करे अन्यथा उनको अयोग्य मान कर अग्रिम कार्यवाही की जावेंगी जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि योग्यता/पात्रता संबंधी दस्तावेज संबधित विज्ञापन में निर्धारित अंतिम तिथि अथवा उसके पूर्व के होने चाहिए।

5. SCREENING TEST/ WRITTEN EXAMINATION में पास हुए योग्य अभ्यर्थियों में से नियमानुसार वरियता के क्रम में 1:10 के अनुपात में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

6. विश्वविद्यालय द्वारा अग्रिम चरण में समस्त पदों के लिए साक्षात्कार 21 मई, 2018 से आगामी तिथि तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है जिसकी विस्तृत सूचना समय समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर व अभ्यर्थी को ईमेल द्वारा उपलब्ध कराई जायेंगी। अतः समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि समय समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करते रहे।

कुलसचिव